तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 7 मई 2026

12 टैलेंट हंट प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार....



12 आकर्षक परिधानों में किया रैंप वॉक



## खबर संक्षेप

### पशु आगे आने से बाइक सवार युवक की मौत

**जींद।** रोहतक रोड पर एचपी प्लांट के सामने आवारा पशु आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक मजदूरी कर घर लौट रहा था। बुढ़ा बाबा बस्ती निवासी 28 वर्षीय दीपक रोहतक रोड पर ट्रक बॉडी मार्केट में मजदूरी करता था। मंगलवार को भी वह मजदूरी पर गया था। शाम को काम खत्म के बाद घर की तरफ लौट रहा था। अचानक आवारा पशु आ गया। जिससे बाइक पशु से टकरा गया। वह घायल हो गया। राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### जींदः तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, तीन घायल

**जींद।** सफीदों में तेज रफ्तार वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने से स्कूटी सवार दो युवक तथा एक राहगीर घायल हो गए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीता श्याम कालोनी निवासी श्याम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका दोस्त पियूष के साथ स्कूटी पर सवार होकर शहर से गुजर रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

### रंजिशन हमला करने पर पांच नामजद

**जींद।** गांव राजपुरा भैण में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजपुरा भैण निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सुरेश परिवार से रंजिश चली आ रही है। बीती देर शाम वह कुत्तों को रोटी डाल कर घर जा रहा था। उसी दौरान सुरेश परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। बचाव में शोर मचाए जाने पर आसपास के लोगों ने उसे हमलावरों की चंगुल से छुड़वाया।

### गांव सुदकैन खुर्द में रंजिशन हमला किया

**जींद।** गांव सुदकैन खुर्द में रंजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुदकैन खुर्द निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मनदीप परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस वह गली से गुजर रहा था। उसी दौरान मनदीप परिवार ने उस पर लाठी, डंडों तथा तेजधार हथियार हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने उसे हमलावरों की चंगुल से छुड़वाया और नागरिक अस्पताल नरवाना में भरती करवाया है।

### व्यक्ति से मारपीट करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** गांव रजाना खुर्द में व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रजाना खुर्द निवासी दिलबाग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नरेश परिवार से कहासुनी हो गई थी। जिस पर पवन परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नरेश, अमन, बदन, शुभम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 500 ग्राम अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** चौंकी रामथली द्वारा गुहला क्षेत्र से नशा तस्कर को 500 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौंकी रामथली प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम गश्त दौरान माता गुजरी चौंक खरंका मौजूद थी, जहां एक गुप्त सूचना मिली कि खनौरी जिला संगरुर पंजाब निवासी जसवंत सिंह खरंका में पंजाब से नशीला पदार्थ अफीम बेचने के लिए आता हैं। जो बाइक पर सवार होकर पलासोर के रास्ते होते खरंका की तरफ जाएगा।

# दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर 14 तक छह पैसेंजर ट्रेन रद्द रहने से बढ़ी परेशानी

## किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक मरम्मत का कार्य चल रहा, दिल्ली जाने वाली बसों में भी यात्रियों की बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक मरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर 14 मई तक छह पैसेंजर ट्रेन रद्द रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण जींद से दिल्ली की ओर जाने वाली बसों में यात्रियों की भीड़ ज्यादा बढ़ गई है। हालांकि बस में सफर करने पर यात्रियों को आर्थिक हानि हो रही है। जींद से रोहतक का किराया 80 रुपये और दिल्ली का किराया लगभग 170 है। वहीं पैसेंजर ट्रेन में यात्रियों को रोहतक जाने के लिए 20 रुपये और दिल्ली जाने के लिए 35 रुपये किराया लग सकता है। ट्रैक पर मरम्मत के चलते आठ ट्रेन दिल्ली की बजाय शकूरबस्ती से लौट रही हैं। इसके अलावा पांच ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। ऐसे में ट्रेन नंबर 54031 दिल्ली-जींद ट्रेन पांच से 14 मई, 54032 जींद-दिल्ली ट्रेन पांच से 13 मई, 54033 दिल्ली-नरवाना ट्रेन 11-12 मई, 54034 जींद-दिल्ली चार से 13 मई, 54035 दिल्ली-जाखल ट्रेन पांच से 13 मई व 54036 जाखल-दिल्ली ट्रेन दस से 12 मई तक रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर 12481 श्रीगंगानगर इंटरसिटी, 12482 श्रीगंगानगर इंटरसिटी, 64912 जींद-न्यू दिल्ली, 64915 न्यू दिल्ली-जींद, 14023 दिल्ली-कुरुक्षेत्र, ट्रेन नंबर 14024 कुरुक्षेत्र-दिल्ली, 64931 दिल्ली-जींद और 64932 जींद-दिल्ली ट्रेन शकूरबस्ती तक ही जाएंगी। वहीं ट्रेन नंबर 16318.श्री माता वैष्णो देवी कटरा-दिल्ली कैंट, सराय रोहिल्ला, दिल्ली चार से 11 मई 16032 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-शकूरबस्ती, दया बस्ती, सफदरगंज, ओखला पांच, आठ, नौ और 12 मई, ट्रेन नंबर 11450 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-शकूरबस्ती, दया बस्ती, सफदरगंज, ओखला के रास्ते छह मई, 16788 श्रीमाता वैष्णवी देवी कटरा शकूर बस्ती, दया बस्ती, सफदरगंज, ओखला के रास्ते सात मई व ट्रेन नंबर 19804 श्री माता वैष्णो देवी कटरा कोटा-शकूरबस्ती, दया बस्ती, सफदरगंजए ओखला दस मई को डायवर्ट रूट से चलाई जा रही हैं। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जींद से दिल्ली रूट पर हर रोज काफी संख्या में यात्री सफर करते हैं, जिसमें व्यापारी, कर्मचारी व विद्यार्थी शामिल हैं। इन दिनों में ट्रेन रद्द, डायवर्ट या रद रहने से यात्रियों को अपने निर्धारित जगह पर जाने के लिए बस का सहारा लेना पड़ रहा है।



जींद। रेलवे जंक्शन पर मौजूद भीड़। फोटो :हरिभूमि

### मरम्मत का काम जारी

रेलवे नई दिल्ली के सीपीआरओ अजय ने बताया कि जैसे ही मरम्मत कार्य पूरा होगा तो ट्रेनों का संचालन पहले की तरह तय रूट से शुरू कर दिया जाएगा। पांच से 14 मई तक किशनगंज स्टेशन के पास मरम्मत का कार्य होगा। इसके कारण कुछ ट्रेन रद्द हैं तो कुछ ट्रेनों को शकूरबस्ती तक चलाया जा रहा है और कुछ के रूट में बदलाव है।

## नगर परिषद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल छठे दिन भी रही जारी

# शहर से कचरे का नहीं हो पा रहा उठान, आमजन परेशान

### हर रोज जींद से 100 टन से ज्यादा निकलता है कचरा

**हड़ताल से शहर की गलियों और मुख्य बाजारों में नहीं लगी झाड़ू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

छह दिन से चल रही सफाईकर्मियों की हडताल से सैंकडों टन कचरा शहर में जमा हो गया है। हालांकि सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल को वीरवार तक बढा दिया है। नप अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मियों की मांगें सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन सफाई कर्मचारी मांग पर अड़े हैं। एसकेएस जिला अध्यक्ष संजीव ढांडा ने कहा कि सफाई कर्मियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। हरियाणा कर्मचारी संघ सफाई कर्मियों की मांगों का समर्थन करता है। नगरपालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बिजेंद्र ने कहा कि वे पांच मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। वीरवार तक हड़ताल रखी है। इसके बाद स्टेट कार्यकारिणी के आह्वान पर जो भी फैसला होगा वह मान्य होगा। हर रोज जींद से 100 टन से ज्यादा कचरा निकलता है। कई जगह तो बदबू ने आसपास के दुकानदारों और लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हड़ताल से गलियों और मुख्य बाजारों में झाड़ू नहीं लगी। गर्मी के बीच जगह-जगह कचरे के पहाड़ खड़े हो गए हैं। जिससे उठने वाली दुर्गंध ने नागरिकों का जीना दुश्वार कर दिया है।



जींद। शहर में लगे कचरे के ढेर। फोटो :हरिभूमि

### जायज मांगों को पूरा करे सरकार

नगर परिषद अध्यक्ष अनुराधा सैनी ने कहा कि उन्होंने सफाई कर्मियों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। यह स्टेट लेवल की समस्या है। नगर परिषद सफाई कर्मियों के बिना कुछ नही है। शहर की जब सफाई होती है तभी नप की तारिफ करते हैं। आज शहर में सफाई व्यवस्था ठप है और 300 से ज्यादा कर्मचारी हडताल पर हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नायब सैनी से निवेदन है कि इनकी जायज मांगों को पूरा करे।



राजौंद । नगर पालिका गेट पर छठे दिन धरना देते व नारेबाजी करते कर्मचारी।

### समर्थन के लिए डोर-टू-डोर चलाया अभियान

**राजौंद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही हड़ताल बुधवार को छठे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने नगर पालिका गेट पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों ने शहर में डोर-टू-डोर अभियान चलाकर आमजन से समर्थन भी जुटाया। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान संदीप कुमार ने की और संचालन ब्लॉक सचिव रोहतास ने किया। इस दौरान संघ के राज्य मुख्य संगठनकर्ता एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव शिवचरण ने कहा कि राज्य सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2024 में जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा वेतन बढ़ोतरी की घोषणा की गई थी, लेकिन इसे अब तक लागू नहीं किया गया। जिला प्रधान गौरव टांक, विक्की टांक सहित अन्य नेताओं ने कहा कि नगर पालिकाओं में ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को विभाग के रोल पर लिया जाए और "समान काम, समान वेतन" लागू किया जाए। इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग भी दोहराई गई। इस दौरान राकेश कुमार, बबली, वीना, राजेंद्र कुमार, शीशपाल, कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, सन्नी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



जींद। सेक्टरों में खड़ा सीवरेज का पानी। फोटो ::हरिभूमि

# जींद : सेक्टर 10 व 11 में होगी सीवरेज की सफाई

### 53.80 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सेक्टर 10 और 11 में सीवरेज की सफाई होगी। साथ ही मैनहोल के टूटे ढक्कन बदले जाएंगे। इस कार्य पर 53.80 लाख खर्च होंगे। ढक्कन खुले होने पर हादसों का खतरा भी बना रहता है। इसके लिए शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से टेंडर लगाया है। जिसकी ऑनलाइन बिड 13 मई को खुलेगी। आनलाइन बिड खुलने के बाद एजेंसी को टेंडर अलाट किया जाएगा। सेक्टर 10 और 11 में दस हजार मकान हैं। दोनों सेक्टर शहर के पाश क्षेत्र में गिने जाते हैं। सेक्टर 11 में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या ज्यादा है। यहां सीवरेज का गंदा पानी खाली पड़ें प्लाट में जमा हो रहा है। इससे एक ओर जहां बदबू आती है, वहीं दूसरी ओर वर्षा के मौसम में लोगों के बीमार होने का डर है। सेक्टरवासियों का कहना है कि कर्मचारी सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता ही करते हैं। वहीं अगर सीवरेज के टूटे ढक्कन भी ठीक किए जाएंगे तो इससे हादसा होने का डर भी नहीं हो होगा। दो साल पहले एकलव्य स्टेडियम के सामने ढक्कन खुला रहने से मजदूर के बच्चे की सीवरेज के मैनहोल में गिरने से मौत हो गई थी।

#### जिम के पास 15 लाख से होगी पार्क की मरम्मत

गोल्ड जिम के पास नप की ओर से 15.90 लाख से पार्क का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। इसके लिए नप ने टेंडर लगाया है। जिसकी आनलाइन बिड 13 मई को खुलेगी। टेंडर अलाट होने के बाद तीन महीने में एजेंसी द्वारा पार्क की मरम्मत की जाएगी। इससे लोग सुबह.शाम यहां सैर करने के लिए आ सकेंगे।

#### बेहतर सुविधा दी जाएगी

एचएसवीपी के जेई अनुज ने बताया कि एचएसवीपी का प्रयास है कि सेक्टरवासियों को बेहतर सुविधा दी जा सके। सेक्टर 10 और सेक्टर 11 में सीवरेज की सफाई करवाई जाएगी। इसके अलावा जहां सीवरेज के ढक्कन टूटे हुए हैं, उनकी मरम्मत करवाई जाएगी। इस कार्य पर 53 लाख रुपये की राशि खर्च होगी।

# कलायत में मकान की छत गिरी

## महिला सहित परिवार के तीन बच्चे बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत के वार्ड नंबर 5 में मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इसमें महिला प्रीति देवी के मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। इस घटना के समय घर में मौजूद उनके दो बेटे और एक बेटी बाल-बाल बच गए। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रभावित महिला प्रीति देवी ने बताया कि वह दिहाड़ी-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। वे लंबे समय से लकड़ी के कच्चे मकान में रह रही हैं। यह आशियाना जर्जर हो चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनवाने के लिए आवेदन भी किया हुआ है। लेकिन अभी तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। छत गिरने के बाद अब परिवार के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर इस परिवार को तत्काल सहायता की जरूरत है। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड पांच के पार्षद प्रीत जगदेव मौके पर पहुंचे। पार्षद ने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मामले की रिपोर्ट नगर पालिका को सौंपी जाएगी। प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उधर स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद की अपील की है। उन्होंने आवास योजना का देते हुए परिवार को छत प्रदान करने की मांग प्रशासन से की।



कलायत के वार्ड 5 में चारपाई पर पड़े मलबे को दिखाते परिवार के सदस्य।

# आढ़ती से सरसों-कपास खरीद 33.5 लाख हड़पे

- दो फर्म मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नई अनाज मंडी में आढ़ती से सरसों तथा कपास खरीद कर 33 लाख पांच रुपये हड़पने पर शहर थाना पुलिस ने दो फर्म मालिकों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भारद्वाज संस ट्रेडिंग कंपनी के आढ़ती सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में अमित तथा गौरव ट्रेडिंग कंपनी ने उसकी फर्म से सरसों तथा कपास खरीद थी। अमित ट्रेडिंग कंपनी की तरफ 26 लाख 83 हजार 133 रुपये, जबकि गौरव ट्रेडिंग की तरफ छह लाख 21 हजार 867 रुपये बकाया थे। दोनों ने अपने पास रुपये न होने की बात कही और कुछ समय मांगा। समय पर रुपये न आने पर जब उसने सिक्योरटी चेक मांगे तो दोनों आरोपितों ने स्टाम्प पेपर लिख कर दे दिया। जो नोटरी के रजिस्ट्रड है। आरोपितों ने एक माह के अंदर राशि देने को कहा। बावजूद इसके तीन महीने तक राशि नही दी। पांच मई 2023 को जब वह उनके घर पहुचा तो पता चला कि दोनों आरोपित जींद से पलायन कर गए हैं। फोन पर संपर्क साधने पर आरोपितों ने आश्वासन दिया कि वे जल्द राशि को लौटा देंगे। लंबा समय बीत जाने के बाद भी आरोपितों ने राशि को नही लौटाया। आखिरकार आरोपितों ने उसके फोन उठाने बंद कर दिए। आरोपितों ने दिल्ली तथा पटियाला में अपने कारोबार स्थापित कर लिए हैं। आरोपित न तो उसका रुपया वापस लौटा रहा है और न ही उसके फोन नही उठा रहा है। शहर थाना पुलिस ने आढ़ती सोनू की शिकायत पर दोनों फर्मों के मालिक गौरव तथा अमित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना के जांच अधिकारी गीता देवी ने बताया कि फसल खरीद कर राशि हड़पने की शिकायत मिली थी। फिलहाल दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कनाडा की टिकट भेजने का झांसा देकर हड़पे 1.90 लाख

**जींद।** कनाडा की टिकट करवाने का झांसा देकर एक लाख 90 हजार रुपये हड़पने पर साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नगूरां निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दस मार्च को उसने इंस्टाग्राम पर विदेश भेजने की एड देखी थी। उस दिए गए नंबर पर संपर्क साधने पर उसने खुद का नाम रमनदीप बताया। कनाडा जाने को लेकर दोनों के बीच बातचीत हुई। दस लाख रुपये में कनाडा भेजना तय हो गया। आरोपित ने जो दस्तावेज मांगे वे व्हाट्सअप पर भेज दिए गए।

## परशुराम चौक से लेकर हैबतपुर गांव के पीछे से गुजरने वाले बाइपास में मिलेगी सड़क

# हैबतपुर मेडिकल कॉलेज के सामने सड़क होगी सात मीटर चौड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव हैबतपुर में शुरू किए गए संत शिरोमणि धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कालेज के सामने सड़क को सात मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। पहले यहां पर साढ़े पांच मीटर ही चौड़ी सड़क थी। इस कारण वाहनों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब सड़की चौड़ाई बढने से जहां वाहन चालकों को आसानी होगी। वहीं यह सड़क मार्ग मेडिकल कालेज के लिए भी काफी लाभदायक होगा। परशुराम चौक से लेकर गांव हैबतपुर के पीछे बाइपास तक यह अढाई किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। मेडिकल कालेज का मुख्य रास्ता हैबतपुर गांव के पास से ही है। मेडिकल कालेज में आने-जाने वाले वाले या तो जींद की तरफ से हैबतपुर रोड से होते हुए जाएंगे या फिर दूसरी तरफ बाइपास से आकर हैबतपुर गांव से होते हुए यहां आएंगे। यह सड़क मार्ग साढ़े पांच मीटर चौड़ा है। इसकी चौड़ाई कम होने के कारण यहां वाहनों के आने-जाने में परेशानी हो रही थी। अब मेडिकल कालेज में ओपीडी शुरू होने से इस सड़क मार्ग पर वाहनों की संख्या भी बढ़ गई है। ज्यों-ज्यों मेडिकल कालेज में सुविधाएं बढ़ेंगीए त्यों.त्यों इस सड़क मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ती जाएगी। वाहनों की संख्या बढने से इस सड़क मार्ग की चौड़ाई कम होने से परेशानी हो रही थी। साढ़े पांच मीटर चौड़ाई की सड़क में दो वाहन आराम से नहीं गुजर सकते। अब इसकी चौड़ाई बढ़कर सात मीटर हो जाएगी। इससे वाहन एक-दूसरे को आसानी से क्रास कर सकेंगे। ऐसे में इमरजेंसी में आने वाले वाहनों को भी असुविधा नहीं होगी।



जींद। सड़क को चौड़ा करने के लिए खुदाई करती जेसीबी मशीन।

### वाहन चालकों को लाभ होगा

पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई विपुल ने बताया कि सड़क बनाने के कार्य को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। सड़क की चौड़ाई बढ़ने से मेडिकल कालेज के साथ-साथ यहां से गुजरने वाले सभी वाहन चालकों को लाभ होगा। परशुराम चौक से लेकर गांव हैबतपुर के पीछे से गुजरने वाले बाइपास तक ढाई किलोमीटर लंबी सड़क को साढ़े पांच से बढ़ाकर सात मीटर चौड़ा किया जा रहा है। इसका कार्य शुरू हो गया है।

# जमीन बंटवारे से परेशान व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव हाबड़ी में जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच एक मिस्त्री ने जहरीला पदार्थ निगलकर जान दे दी। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पूंडरी थाना पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में डेरा डीग रोड हाबड़ी निवासी मृतक की पत्नी सोनिया रानी ने आरोप लगा बताया कि उसकी शादी साल 2018 में कमल कुमार के साथ हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। उसके पति मिस्त्री का काम करते थे। पिछले करीब 3 साल से गांव के ही राजबीर, अंकित, इंद्रजीत, दयाल सिंह और अमित जमीन के बंटवारे को लेकर उसके पति को लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। आरोपियों ने कई बार मारपीट और जान से मारने की धमकी भी देते थे। 4 मई की शाम जब पति घर नहीं लौटे तो उसने फोन किया। पति ने कहा कि वह आज घर नहीं आएगा और फोन काट दिया। इसके बाद वह अपने ससुर के पास पहुंची। इसी दौरान कमल कुमार का फोन आया और उसने बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है और वह फतेहपुर नहर के पास अपनी बाइक के नजदीक पड़ा है। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

## खबर संक्षेप

### लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटान के निर्देश दिए

**जींद।** स्थानीय एडीसी कॉन्फ्रेस हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सीएम विंडो एवं जन संवाद पोर्टल से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पोर्टल पर लंबित पड़ी शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो एवं जन संवाद पोर्टल पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए।

### सैनी धर्मशाला बत्तख चौक पर रक्तदान शिविर कल

**जींद।** आगामी आठ मई को सैनी धर्मशाला बत्तख चौक पर युवा विकास समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी भाग लेंगी और रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करेंगी। महासचिव एवं संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर नौ बजे से दो तक चलेगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। इससे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी महसूस नही होती है।

### सद्भाव यात्रा में शामिल होंगे राहुल गांधी: हरेंद्र

**उचाना।** अक्टूबर माह से प्रदेश भर में सद्भाव का संदेश लेकर निकले कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की यात्रा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे। 8 मई को गुरूग्राम में सदभाव यात्रा में वो हिस्सा लेंगे। ये जानकारी सदभाव यात्रा में बृजेंद्र सिंह के साथ चल रहे हरेंद्र सिंह ने देते बताया कि बृजेंद्र सिंह जब दिल्ली में राहुल गांधी से मिले थे तो इस यात्रा की राहुल गांधी ने तारीफ करते हुए यात्रा में शामिल होने की बात कही थी। अब वो यात्रा में शामिल होंगे। इस दिन वो जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### अग्नि सुरक्षा जागरूकता गतिविधि का आयोजन

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत रा.महाविद्यालय में अग्निशामक यंत्र फायर एक्सटिंग्विश के सही उपयोग एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर जागरूकता गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को अग्नि सुरक्षा उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में उचित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में उप प्राचार्य रणधीर खटकड़ तथा जेएल राजवीर उपस्थित रहे।

### हर हलके में यात्रा का हो रहा जोरदार स्वागत: गर्ग

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं बृजेंद्र सिंह के साथियों में शामिल सुरेंद्र गर्ग ने कहा कि 8 मई को सद्भाव यात्रा में नेता प्रतिपक्ष शामिल हो रहे है। बृजेंद्र सिंह ने जो यात्रा प्रदेश में शुरू की थी उसको छह महीने होने वाले है। इस यात्रा के माध्यम से सदभाव का संदेश देने पूरे प्रदेश में पैदल चल रहे है। हर हलके में जोरदार स्वागत उनका हो रहा है। यात्रा में राहुल गांधी के शामिल होने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। यात्रा को कांग्रेस के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष एंव पास के राज्यों से कांग्रेस विधायकों ने पहुंच कर समर्थन दिया।

### 200 लीटर कच्ची शराब सहित एक तस्कर दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने रसीदां गांव में एक शराब तस्कर को 200 लीटर कच्ची शराब (लाहन) सहित काबू काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान रसीदां निवासी बदलू के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि टीम रसीदां गांव में मौजूद थी कि सूचना मिली कि बदलू अवैध शराब निकालने का काम करता है और इस समय अपने मकान पर लाहन रखे हुए है। सूचना के आधार पर बताए स्थान पर छापेमारी कर बदलू को काबू कर लिया और मकान से 200 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में छात्रों ने दिखाया अपना हुनर

# टैलेंट हंट प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियों से मोहा मन

### कक्षा तीसरी और चौथी के वर्ग में जानवी ने अव्वल स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने के उद्देश्य से भव्य टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहा। जिसमें हर छात्र ने अपनी क्षमता का सर्वोत्तम प्रदर्शन करने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बन गया। इसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें क्ले मॉडलिंग, पेंटिंग, नृत्य, गायन, हस्तलिखित तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल थी। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में कक्षा छठी की छात्रा अतिश्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी सृजनात्मकता और कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया। वहीं कक्षा सातवीं की छात्रा मन्नत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में भी मन्नत ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे यह सिद्ध हुआ कि वह एक बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा तीसरी और चौथी के वर्ग में जानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा पांचवीं और छठी के वर्ग में हंसिका और मिशिका ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा सातवीं वर्ग में परी ने अपने शानदार नृत्य प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं और दसवीं के वर्ग में दिव्यांशी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से प्रथम स्थान हासिल कर सभी का दिल जीत लिया। गायन प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की छात्रा वंशिका ने अपनी मधुर आवाज और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी गायकी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं हस्तलिखित प्रतियोगिता में भाविष्या ने अपनी सुंदर लिखावट के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया और यह दर्शाया कि सुंदर लेखन भी एक महत्वपूर्ण कला है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि एक-दूसरे से सीखने और प्रेरणा लेने का भी अवसर प्राप्त किया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उन्हें अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का अवसर मिलता है। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि विद्यार्थियों को कला, संगीत, नृत्य और अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नही बल्कि मानसिक सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाना है। प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया कि वे भविष्य में और अधिक मेहनत करें तथा अपनी प्रतिभा को निखारें। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना कीए जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने इतना शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैंए जो उन्हें सही दिशा में आगे बढने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



जींद। टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

#### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह टैलेंट हंट कार्यक्रम न केवल एक प्रतियोगिता रहाए बल्कि यह विद्यार्थियों के लिए सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को पहचानने का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रशासन इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा ताकि विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहे और वे अपने जीवन में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकें।


जींद। आग बुझाने का डेमो करते स्वास्थ्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों को बताए आग बुझाने के तरीके

- नागरिक अस्पताल में हुआ फायर सेफ्टी को लेकर डेमो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सीएमओ डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान फायर कर्मियों ने डेमो के माध्यम से आग बुझाने के अलग-अलग उपायों के बारे में स्वास्थ्यकर्र्मियों को जानकारी दी। अस्पताल में लगे फायर सेफ्टी उपकरणों को कैसे प्रयोग में लाए जाए, इसके बारे में बताया गया। कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एसएनओ इंद्रो, नर्सिंग ऑफिसर सुनीता, प्रिया, मीना, रेखा, सुदेश आदि मौजूद रहे। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि हर किसी को फायर सेफ्टी उपकरणों के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। अस्पताल में उपकरण तो लगाए गए हैं लेकिन यदि हमें इन उपकरणों को चलाने की कोई जानकारी न हो तो यह उपकरण जरूरत पडऩे पर हमारे लिए कोई काम नहीं आएंगे। ऐसे में हर स्टाफकर्मी को फायर सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग करने की जानकारी अवश्य रखनी चाहिए। इस बार की थीम सुरक्षित संस्थान एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज है। फायरमैन अंकित ने बताया कि आग लगने पर सबसे पहले फायर अलार्म को सक्रिय करें। आग लगने पर लिफ्ट का प्रयोग न करें। धुएं से घिरे होने पर अपने नाक और मुंह को गीले कपड़े से ढक लें। आग लगने पर तुरंत 101/112 नंबर पर फोन करें। अगर आप धुएं से भरे कमरे में फंस जाएं और बाहर निकलने का रास्ता न हो तो दरवाजे को बंद कर लें और सभी दरारों और सुराखों को गीले तौलिये या चादरों से सील कर दें जिससे धुआं अंदर न आ सके। एसएनओ इंद्रो, नर्सिंग ऑफिसर सुनीता ने कहा कि हमे फायर सेफ्टी उपकरणों की जानकारी होनी चाहिए। अगर आग इमारत में लगी है और आप अभी फंसे नहीं हैं तो पहले बाहर आएं और वहीं रूक कर 101 नंबर पर अग्निशमन सेवा को घटना की सूचना दें। इमारत में लगे फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर, पानी के स्त्रोत, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और अग्निशामक यंत्रों को चलाने की जानकारी रखें ताकि जरूरत के समय इनका प्रयोग किया जा सके।



### जींद में 8,27,463 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद: डीसी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से जारी है। मंडियों में किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को गेहूं उठान कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं जिससे मंडियों में फसल का सुचारू प्रबंधन बना रहे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गत दिवस तक जिले में कुल 8,27,463 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2,37,012 मीट्रिक टनए हैफेड द्वारा 3,41,841 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम द्वारा 11,841 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 2,36,769 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। मंडीवार आंकड़ों के अनुसार उचाना मंडी में 89,005 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा मंडी में 70,088 मीट्रिक टन, जींद मंडी में 92,407 मीट्रिक टन, अलेवा मंडी में 35,297 मीट्रिक टन, सफीदों मंडी में 99,184 मीट्रिक टन, जुलाना मंडी में 1,01,622 मीट्रिक टन तथा नरवाना मंडी में 85ए399 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। बताया कि खरीदे गेहूं का उठान कार्य भी लगातार जारी है। गत दिवस तक कुल 5,62,229 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।

### श्री हजूर साहिब नांदेड़ की यात्रा को 10 तक पंजीकरण

**जींद।** जिला के वरिष्ठ नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक और पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार से कम है। हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत ऐसे पात्र वरिष्ठ नागरिक सरल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा कर आगामी 15 मई को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए जाने वाली रेलगाड़ी में निशुल्क यात्रा कर सकते हैं। यह विशेष रेलगाड़ी आगामी 15 मई को सिरसा से नांदेड़ के लिए चलेगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ उठा सकें, इसके लिए पंजीकरण अवधि को 10 मई तक बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है।

# आकर्षक परिधानों में किया रैंप वॉक

### इंडस पब्लिक जूनियर विंग में मदर्स-डे का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद





इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में मदर्स डे बड़े ही उत्साह, प्रेम और सम्मान के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों की माताओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभआरंभ को डायरेक्टर रचना श्योराण, कोर्डिनेटर प्रवीण परूथी, प्रधानाचार्या अरुणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार व मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्जवलन कर के किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मॉम्स स्मार्ट अवार्ड रहा। जिसमें माताओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। उन्होंने आकर्षक परिधानों में रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा और व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कई सरप्राइज प्वायंटस भी रखे गए। जिनसे पूरे आयोजन में रोमांच और आनंद का माहौल बना रहा। बच्चों ने माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त करते प्यारी-प्यारी प्रस्तुतियां दी। जिससे कार्यक्रम और भी भावात्मक बन गया। प्रधानाचार्या अरूणा शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते कहा कि मां का स्थान हमारे जीवन में सबसे ऊंचा होता है और ऐसे हमें अपनी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने आए निमंत्रित प्राधिकारियों व मदर्स का धन्यवाद किया।


जींद। जिला कारागार में सुनवाई करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

### लोक अदालत: विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में चार मामले विचार दिन रखे गए। जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निपटान किया गया। एक विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया गया तथा आदेश पारित किए गए कि अगर बंदी पर और कोई कैस ना हो तो रिहा किया जाए। प्राधिकरण सचिव ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता व अपील के अधिकार से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों में हवालतियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती हैं ।

# आर्य समाजियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

- रामपाल-अनुयायियों द्वारा महर्षि दयानंद पर लगाए जा रहे अनर्गल आक्षेपों पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जमानत पर चल रहे रामपाल और उसके अनुयायियों द्वारा महर्षि दयानंद पर लगाए जा रहे अनर्गल आक्षेपों पर रोक लगाने की मांग को लेकर आर्य समाज के लोगों ने डीसी से बुधवार को मुलाकात की। यहां वीरेंद्र आर्य की अध्यक्षता में भ्रामक प्रचार पर रोक लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। वीरेंद्र आर्य ने कहा कि आपराधिक मामलों में 11 साल तक जेल में रहने वाले स्वयंभू भगवान रामपाल और उसके शिष्यों द्वारा सोशल मीडिया पर आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद पर अनर्गल, निराधार और अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। पहले भी इनके द्वारा स्वामी दयानंद पर अवांछित, स्वामी दयानंद के अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली टिप्पणियों की गई थी। जिस पर आर्य समाजियों ने भरसक विरोध किया था। बाद में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाने के कारण लंबे समत तक जेल में रहा। अब कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल से जमानत पर छूटने के बाद उसने स्वामी दयानंद के विरूद्ध अनर्गल लांछन लगाने का अभियान एक बार फिर से शुरू कर दिया है। अनेक यूटयूब चैनलों के माध्यम से इसके समूह के लोग आजादी के आंदोलन में सबसे बड़ा योगदान देने वाले समाज सुधारक आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद के ऊपर पूर्व नियोजित सुनियोजित षडय़ंत्र के तहत दुष्प्रचार किया जा रहा है। जिस ससे आर्य समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि रामपाल और उसके अनुयायियों के द्वारा स्वामी दयानंद पर किए जा रहे दुष्प्रचार और अपमानजनक टिप्पणियों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए।


सीवन। कन्या स्कूल में प्रतियोगिता म भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### पीएम श्री कन्या स्कूल में माई भारत क्विज प्रतियोगिता

**सीवन।** पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर विषय के अंतर्गत मेरा भारत क्विज प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना, सामाजिक एवं सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देना तथा राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों से इतिहास, संस्कृति, संविधान, विज्ञान तथा समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। पूरी परीक्षा प्रक्रिया अत्यंत शांत, अनुशासित एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न करवाई गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रतियोगिता को रोचक बना दिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनील छाबड़ा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि माई भारत क्विज जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को देश के इतिहास, संस्कृति और वर्तमान परिदृश्य से जोड़ते है।

## एसपी मेमोरियल स्कूल में ईश्वरम्मा जन्म दिवस पर श्लोकोच्चारण एवं भजन प्रतियोगिता का आयोजन

# अपनी मां को सदैव खुश रखना चाहिए :वीरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

श्री सत्य साई सेवा संगठन हरियाणा एवं चंडीगढ़ जिला जींद द्वारा स्थानीय एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ईश्वरम्मा जन्म दिवस पर श्लोकोच्चारण व भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद, एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल जींद एवं दुर्गा कॉलोनी रोहतक रोड पर संचालित बाल विकास कक्षा के 24 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर 32 लड़के, 42 लड़कियां और कुछ अभिभावक उपस्थित थे। सभी बच्चों ने श्लोक एवं मधुर भजनों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी। आठ बच्चों ने सुंदर-सुंदर धार्मिक गीतों पर नृत्य करके सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल जींद की छात्रा प्रियांशी ने सत्यम, शिवम, सुंदरम पर काव्य ने कान्हा बरसाने में आइयो, हिमांशी ने मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया, ओजस्वी ने काला काला कहे रे गुजरी आदि धार्मिक गीतों पर बहुत ही सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी। श्री सत्य सांई सेवा संगठन के संयोजक वीरेंद्र सिंह ने ईश्वरम्मा जन्म दिवस पर प्रकाश डालते सभी माताओं के त्याग, ममता एवं दुलार का वर्णन किया और एवं उपस्थित सभी बच्चों एवं मेहमानों को संबोधित करते कहा कि सुबह उठ कर हमें अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करने चाहिए। अपनी मां को सदैव खुश रखना चाहिए। क्योंकि अगर मां खुश होगी तो भगवान खुश होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष बीएस गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि मां भगवान का रूप होती है। वह परिवार बड़े खुशकिस्मत होते हैं, जिनमें मां होती है। मां की महिमा का त्याग का एवं प्यार और दुलार का वर्णन करना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है।



जींद। कार्यक्रम में मुख्यातिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

मां शब्द लबों पर आते ही अहसास कराता है। ऐसे प्यार एवं दुलार का जो कहीं और संभव नहीं। आगे उन्होंने कहा कि मां के हृदय के अंदर ऐसी संवेदनाएं होती हैं कि अगर उसका बच्चा देश प्रदेश में कहीं कितनी ही दूर बैठा हो। अगर उसे तनिक भी दुख तकलीफ होती है तो मां पास बिना किसी टेलीफोन, चिट्ठी या तार के समाचार पहुंच जाता है और वह विचलित हो जाती है। कहां भी है बच्चा रोया प्रदेश में भीगा मां का प्यार। दिल ने दिल से बात कही बिन चिट्ठी बिन तार। समारोह को डा. सुधा, धर्मवीर सिंह, रिटायर्ड बीईओ ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर ने भी संबोधित किया। अध्यापिका मोनिका ने मां तू कितनी भोली है प्यारी है सुंदर कविता सुनाई। समारोह के अंत में सभी बाल विकास गुरुओं एवं प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


जींद। बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण-स्वच्छता में विद्यार्थियों का अहम योगदान

**जींद।** जल संरक्षण व स्वच्छता अभियान को कारगर करने में विद्यार्थियों का अहम योगदान हैं। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन जींद के जिला सलाहकार रणधीर मताना बुधवार को गांव झांझ कलां के रावमवि में विद्यार्थियों व आंगनवाडी वर्कर को संबोधित करते कही। इससे पूर्व विभाग की संयुक्त टीम खंड समन्वयक दिनेश कुमार व कर्मचारियों के साथ जल घर का निरीक्षण किया और पेयजल के सैंपल चैक किए। इसके बाद गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को ऑनलाइन पेयजल बिल भरने के लिए जागरूक किया। पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की व विद्यार्थियों को स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया। रणधीर मताना ने कहा कि छात्रों को पेयजल संरक्षण में अहम योगदान देना चाहिए। इसके लिए नलों पर टेप लगानी चाहिए। जितने पानी की जरूरत हो उतना पानी लेकर टुटीं को बंद कर देना चाहिए। विभाग की नई ओएंडएम पॉलिसी व जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार से बताया। इससे पूर्व घर घर जाकर पेयजल की आपूर्ति चैक की और पेयजल के सैंपल लिए। लोगों को पेयजल बिल भरने के लिए जागरूक करते आनलाइन बिल भरने की विधि बताई।

## खबर संक्षेप

### गेहूं के कट्टे चोरी करने के तीन आरोपी काबू

**कैथल।** अनाज मंडी चीका में स्थित एक दुकान से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले में थाना चीका पुलिस प्रभारी एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में एचसी सुशील कुमार की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वार्ड नं 17 चीका निवासी विक्रम व जीवन तथा गांव टटियाना निवासी गुरजीत सिंह को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी अभिषेक कुमार की शिकायत अनुसार अनाज मंडी चीका में उसकी आढ़ती की दुकान हैं। 5 मई की सुबह बाइक पर सवार आए उपरोक्त आरोपी विक्रम व अन्य दो आरोपी उसकी दुकान से गेहुं के 5 कट्टे चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया।

### दूरदराज ड्यूटी पर अध्यापक संघ ने जताया विरोध

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रतिनिधिमंडल शिक्षकों की दूर दराज लगाई गई जनगणना ड्यूटियों के समाधान हेतु डीईओ की अनुपस्थिति में कार्यालय अधीक्षक प्रवीन थरेजा व हरेंद्र कुमार से मिला। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा अध्यापकों की जनगणना में ड्यूटी अव्यवहारिक तरीके से लगाई गई। बताया कि जिला प्रशासन ने कई अध्यापकों की ड्यूटी उनके कार्यस्थल से 15 से 40 किलोमीटर की दूरी पर में लगा दी है।

### 11 मई को मनाया जाएगा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

**कैथल।** हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई कैथल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रंखला में 8 मई को पोस्टर प्रतियोगिता एवं पदयात्रा का कार्यक्रम करवाया जाएगा और 11 मई को सुबह 10:00 बजे जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ मदों की प्रदर्शनी एवं सेमिनार के माध्यम से साइंस विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### एनसीसी नामांकन में 50 विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**कलायत।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन स्कूल में 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में एनसीसी नामांकन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एनसीसी में शामिल होने का जज्बा दिखाते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नामांकन प्रक्रिया में 95 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बटालियन से आए सैन्य अधिकारीयों कैप्टन नरेंद्र और हवलदार विशाल ने चयन प्रक्रिया की कमान संभाली। पहले 95 विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा, शारीरिक मापदंड और दक्षता की जांच के माध्यम से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और सामान्य ज्ञान का आंकलन किया गया। इन सभी कड़े पैमानों पर खरा उतरने के बाद 50 विद्यार्थियों का चयन एनसीसी कैडेट के रूप में किया गया।

### साइबर क्राइम के बारे में छात्रों को किया जागरूक

**कैथल।** साइबर थाना पुलिस की टीम द्वारा माइलस्टॉन पब्लिक स्कूल में छात्रों को साइबर क्राइम के प्रकार व उनसे बचाव बारे जागरूक किया। थाना प्रभारी एसआई रणदीप सिंह व एचसी कृष्ण की टीम द्वारा साइबर क्राईम से बचने के लिए बरती जाने वाली जरुरी सावधानियों बारे बताया । बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिससे आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं।

## एडीसी ने कृषि और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# फसल अवशेष जलाने के मामलों में कमी लाने के लिए निगरानी बढ़ाएं : सुशील

- धान के सीजन में जीरो स्टबल बर्निंग के लक्ष्य को लेकर अभी से शुरू करें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि जिले में गेहूं के अवशेष जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए फील्ड में जाकर निगरानी बढ़ाई जाए और गांव स्तर के कर्मचारियों को सक्रिय करें। इसके साथ ही किसानों को जागरूक करें। इसके अलावा आगामी धान सीजन में जीरो स्टबल बर्निंग के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी संबंधित विभाग अभी से तैयारी शुरू करें।

एडीसी सुशील कुमार बुधवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेसिंग रूम में कृषि विभाग तथा पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरमैन राजेश वर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में हरियाणा और पंजाब के अधिकारियों के साथ फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान गेहूं के अवशेष जलाने की रोकथाम के लिए कार्य योजना की समीक्षा की गई। साथ ही पिछले एक सप्ताह में इस प्रकार की घटनाओं में आई वृद्धि पर चिंता जताई गई और अधिकारियों को सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए। हालांकि चर्चा में यह भी सामने आया कि ज्यादातर घटनाएं एक्सीडेंटल हैं, न कि इनटेंशनल। एडीसी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश कि वे नियमित फील्ड विजिट करें। गांव स्तर पर कर्मचारियों की सक्रियता सुनिश्चित करें। किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करे।

### किसानों को साथ लेकर स्थायी समाधान करें

उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि किसानों को साथ लेकर स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। अधिकारी आगामी धान सीजन से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर आमजन को प्रदूषण मुक्त वातावरण देना सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया वे गेहूं के फसल अवशेष न जलाएं, क्योंकि ऐसा करने से जमीन की उर्वरा शक्ति तो कमजोर होती ही है साथ में पर्यावरण को भी काफी नुकसान होता है। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार, कृषि उप निदेशक डॉ. रविंद्र, डीआईपीआरओ नसीब सिंह, जगदीश चंद्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताएं सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका


**गुहला चीका।** प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी छात्राएं और शिक्षक समूह ।

गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका में सीआरसी स्तर पर रोल प्ले तथा फोक डांस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंद्रजीत कौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें गुहला ब्लॉक के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कक्षा 8वीं और 9वीं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनमें कला और संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करना रहा।

फोक डांस प्रतियोगिता में छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, बेहतर तालमेल और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टटियाना द्वितीय स्थान पर रहा। तृतीय स्थान गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका को मिला। रोल प्ले प्रतियोगिता में छात्राओं ने सामाजिक और शैक्षिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। उनके अभिनय कौशल, अभिव्यक्ति और संदेश ने सभी को प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका ने प्रथम स्थान हासिल किया। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, डेरा प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मेधाव्रत ने कहा कि प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।


**कैथल।** एमओयू के दौरान आरकेएसडी तथा नवीन जिंदल फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### आरकेएसडी ने किया जिंदल फाउंडेशन के साथ एमओयू

**कैथल।** आरकेएसडी नवीन अवसर इंटरनेशनल स्किल सेंटर कैथल द्वारा राष्ट्रीय विद्या समिति कैथल के संरक्षण में युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगारपरक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक भव्य एमओयू साइनिंग समारोह का आयोजन आरकेएसडी. कॉलेज, कैथल के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध करवाना तथा उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना रहा कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया तथा अतिथियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय विद्या समिति कैथल के प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने की। आरवीएस. प्रबंधन, नवीन जिंदल फाउंडेशन तथा सभी सहयोगी संस्थाओं एवं अधिकारियों का इस महत्वपूर्ण एमओयू साइनिंग समारोह के सफल आयोजन हेतु हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के साथ हुए समझौता ज्ञापनों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों, प्राचार्यों एवं आयोजकों को बधाई दी। शोरेवाला ने कहा कि वर्तमान समय में स्किल आधारित शिक्षा की महत्ता निरंतर बढ़ रही है और केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल भी युवाओं की सफलता का आधार बन चुका है। नवीन जिंदल फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड स्किल डेवलपमेंट मनीष मिश्रा वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है।


**कैथल।** रैंक-3 हासिल करने वाले एकांश ढुल हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर जोर दिया

**कैथल।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-3 हासिल करने वाले एकांश ढुल ने कहा कि सफलता के लिए स्किल बहुत जरूरी है। जीवन में वही सबसे अधिक काम आती है और इसके दम पर ही काई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व पर जार दिया। एकांश ढुल ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा करते बताया कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के लिए निरंतर मेहनत, समय प्रबंधन और सही रणनीति बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और बिना हार माने लगातार प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है। एकांश अंबाला राड स्थित ने हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर में पहुंचे थे। उन्होंने यहां विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र दिया। हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर के हेड डॉ. बलविंद्र ढुल ने उनका स्वागत किया। एकांश ने कहा कि उन्हें यहां हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर आकर सकारात्मक अनुभव हुआ है। सेंटर का वातावरण बहुत अनुशासनात्मक और शैक्षणिक है, जिसका प्रभाव यहां के विद्यार्थिया के विकास पर साफ झलकता है। इस सेंटर में आकर उनकी साच बदली है। उनके साथ उनके पिता हरियाणा रेडक्रास सा सायटी के पूर्व राज्य महासचिव कृष्ण ढुल और माता निर्मला ढुल भी उपस्थित रहे। भी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते कहा कि परिवार का सहयोग और सकारात्मक माहौल बच्चों की सफलता में अहम भूमिका निभाता है।

# विदाई पार्टी में विद्यार्थियों ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट कॉलेज, कैथल के शारीरिक शिक्षा विभाग में पहली बार आयोजित हुई बीएससी स्पोटर्स की फेयरवेल पार्टी ने पूरे कैंपस में उत्साह और यादगार माहौल बना दिया। यह कार्यक्रम न सिर्फ छात्रों के लिए बल्कि पूरे स्टाफ के लिए भी एक यादगार पल बन गया। मिस्टर फेयरवेल का खिताब गया कमाल इंसान को तथा मिस फेयरवेल बनीं नैंसी को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में जूनियर्स ने सीनियर्स को शुभकामनाएँ देते उज्जवल भविष्य की कामना की। यह फेयरवेल पार्टी दोस्ती, यादों और नए सफर की शुरुआत का एक खूबसूरत संगम बन गई। शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने मंच से छात्रों को संबोधित करते हुए एक प्रेरणादायक और भावुक स्पीच दी। उन्होंने छात्रों के साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों के शब्दों में अपनापन और आशीर्वाद साफ झलक रहा था, जिसे सुनकर कई छात्र भावुक हो गए। माहौल कुछ पल के लिए पूरी तरह शांत और संवेदनशील हो गया।


**कैथल।** विदाई पार्टी के दौरान स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### छात्रों के साथ टीचर्स ने भी खुलकर मस्ती की

कार्यक्रम की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज में हुई, जहां मंच संचालन की जिम्मेदारी ज्योति और अन्नू ने संभाली। दोनों एंकर्स ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति, आत्मविश्वास और हास्य शैली से पूरे कार्यक्रम में जान डाल दी। इस खास मौके पर छात्रों ने डांस, गेम्स और मजेदार एक्टिविटीज के जरिए माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया। हर किसी के चेहरे पर खुशी और विदाई की हल्की भावुकता साफ नजर आ रही थी। कार्यक्रम की खास बात रही कि टीचर्स के लिए भी कई फनी गेम्स आयोजित किए गए, जिसने पूरे माहौल को और भी मजेदार बना दिया। जैसे ही टीचर्स ने गेम्स में हिस्सा लेना शुरू किया, पूरा हॉल तालियों और ठहाकों से गूंज उठा। छात्रों के साथ-साथ टीचर्स ने भी खुलकर मस्ती की और अपने अलग अंदाज से सभी का दिल जीत लिया।

**प्रतियोगिता** फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित "माइ भारत क्विज" में 3000 छात्रों ने भाग लिया

# प्रतियोगिता से छात्रों को भारत के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय ध्वज संबंधित जानकारी से जोड़ने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** परीक्षा देते परीक्षार्थी तथा विद्यार्थियों के साथ सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी रविंदर तथा नोडल अधिकारी कुशल कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और छात्रों में राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा "माइ भारत क्विज" के लिए प्रारंभिक परीक्षा कैथल जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सांसद एवं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन और "ऑपरेशन सिंदूर" की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित क्विज के लिए प्रारंभिक परीक्षा ने विद्यार्थियों के बीच उत्साह और जागरूकता का एक नया वातावरण तैयार किया।

फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की इस विशेष पहल के अंतर्गत कैथल के 100 स्कूलों में एक साथ "माइ भारत क्विज" की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 3000 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को भारत के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय ध्वज संबंधित जानकारी से जोड़ने का प्रयास किया गया । प्रारंभिक परीक्षा में विद्यार्थियों को 30 बहुविकल्पीय प्रश्नों का एक सेट प्रदान किया गया, जिसके माध्यम से उनकी सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता और देश के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम के प्रति समझ का मूल्यांकन किया गया। इस परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता और व्यवस्थित तरीके से किया गया, जिससे विद्यार्थियों को एक निष्पक्ष और प्रेरणादायक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्राप्त हो सके।

/"माइ भारत क्विज/" के जिला नोडल अधिकारी कुशल कुमार ने प्रारंभिक परीक्षा के संचालन का स्कूलों में जायजा लेते बताया कि इस प्रकार की पहल न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाती है, बल्कि उनमें राष्ट्र के प्रति सम्मान, जिम्मेदारी और गर्व की भावना भी विकसित करती है। छात्रों ने भी इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे अपने लिए एक नया सीखने का अवसर बताया।

### क्विज केवल स्पर्धा नहीं, बल्कि एक अभियान : धीमान

सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह क्विज केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक अभियान है, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ना और उन्हें एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना है। प्रारंभिक परीक्षा के सफल आयोजन के बाद आगामी चरणों की भी योजना बनाई जा रही है, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को आगे प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर डॉ राज कुमार, प्रधानाचार्य आशु बग्गा, अरुण शर्मा, निशु आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### चीनी मिल के प्रबंध निदेशक ने किया खेतों का दौरा

**कैथल।** कैथल सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने क्षेत्र के गांव काकौत और मुंदड़ी का दौरा कर प्रगतिशील किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर कृषि गतिविधियों की जानकारी ली और गन्ना फसल को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि गेहूं की कटाई और तूड़ी बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे अब खेत गन्ने की बीजाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वर्तमान समय ग्रीष्मकालीन गन्ना बीजाई के लिए अत्यंत अनुकूल है, इसलिए अधिक से अधिक किसान गन्ने की खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती किसानों के लिए स्थायी आमदनी का मजबूत साधन बन सकती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि चीनी मिल द्वारा किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### आर्यन इंटरनेशनल में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस




**कैथल।** विश्व रेडक्रॉस दिवस आर्यन इंटरनेशनल स्कूल कैथल में मनाया गया। इसमें मुख्य वक्ता जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉक्टर बीरबल दलाल रहे। उन्होंने रेड क्रॉस हिस्ट्री, रेड क्रॉस के संस्थापक सर जिन हेनरी ड्यूनेट जिनके जन्मदिन दिवस को विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को मनाया जाता है। उसके बारे में विस्तार से बताया एवं बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से बताया। इसमें सीपीआर डेमो के माध्यम से दिखाया गया एवं जख्म, हड्डी की टूट, सांप के काटने पर,जलने पर, कुत्ते के काटने पर सभी प्रकार की प्राथमिक सहायता ट्रेनिंग प्रशिक्षण करवाया गया। इसमें बच्चों ने बड़े ध्यानपूर्वक सुना। डा. बीरबल दलाल ने स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों को दुर्घटना के समय दिए जाने वाले प्राथमिक चिकित्सा के प्रायोगिक ज्ञान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा देकर हम किसी भी जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं। इस मौके पर प्रिंसिपल सपना सिंह, दर्पण सिंह, खुशबू व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



### सांस्कृतिक विरासत में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**कैथल।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में हेरिटेज क्लब द्वारा अंतर्सदनीय एक भव्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ तथा निर्णायक मंडल के रूप में सुशील और ऋचा गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान के साथ हुआ जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और गरिमामय बना दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रांतों के लोक नृत्य प्रस्तुत किए। हर प्रस्तुति में भाव-भंगिमा, तालमेल और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रत्येक सदन की प्रस्तुति इतनी उत्कृष्ट थी कि निर्णायकों के लिए निर्णय लेना अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा।



### गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया विद्यालय का मान

**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सेवन्थ जिला चैस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता कैथल स्थित राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़यों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अलग-अलग आयु वर्गों में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-11 वर्ग में अंशी, अंडर-13 में पूर्वी, अंडर-15 में अव्यूक्त, अंडर-17 में उर्वी एवं मनप्रीत तथा अंडर-19 वर्ग में अवतिका ने गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय की प्राधानाचार्या प्रवीण ढिल्लो ने सभी विजेताओं को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती है।



### धर्मशाला और आसपास के मकानों में आई दरारें

**सीवन।** अंबेडकर भवन रोड स्थित एक धर्मशाला और उसके आसपास के आवासीय क्षेत्र में अचानक उत्पन्न हुई दरारों की समस्या ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले चार से पांच दिनों के भीतर ही धर्मशाला की दीवारों तथा आसपास के मकानों की दीवारों में दरारें आनी शुरू हो गई हैं, जो दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई मकानों में खिड़कियां और दरवाजे ठीक से बंद नहीं हो पा रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर संरचना में असामान्य बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। समस्या की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता सैनी, नगर पालिका सचिव दीपक कुमार, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ इंद्राज, नगर पालिका जेई प्रवीण तथा जन स्वास्थ्य विभाग के जेई रिशिपाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया।



### ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग उठाई

**पूंडरी।** गांव फरल में पूंडरी-ढांड रोड पर गांव में घुसते ही बना एक तिराहा अब ग्रामीणों के लिए "खूनी तिराहा" बन चुका है। यहां आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में भारी रोष है। इसी के चलते ग्रामीणों ने मंगलवार को तिराहे पर एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तिराहे पर लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। कई बार अवगत करवाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले 3 मई को गांव के 25 वर्षीय युवक गुलशन कुमार की इसी तिराहे पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। गुलशन अपने घर से फल्गु तीर्थ की ओर किसी के साथ जा रहे थे। जैसे ही वह तिराहे से कट लेकर आगे बढ़े, ढांड की तरफ से तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

## खबर संक्षेप

### विस चुनावों मोदी की नीति की जीत : रमेश

**उचाना।** भाजपा उचाना मंडल महामंत्री रमेश राणा ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में मिली जीत मतदाताओं का पीएम नरेंद्र मोदी पर जो विश्वास है उसकी जीत है। पश्चिम बंगाल में अब से पहले की सरकारों में क्या होता था ये किसी से छिपा नहीं है। अब जो बदलाव हुआ है उससे बड़ा बदलाव आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में नजर आएगा। आज भाजपा को मिल रही जीत विपक्ष को पच नहीं रही है। विपक्ष के पास हार के बाद चुनाव आयोग, ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ता है।

### कोर्ट जा रहे व्यक्ति से की मारपीट, मामला दर्ज

**कैथल।** कैथल में कोर्ट जा रहे एक व्यक्ति को आपसी रंजिश में रास्ते में रोककर हथियारों से हमला कर दिया है। घायल की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने 5 नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मूल निवासी सेरधा व हाल निवासी ऋषि नगर तरसेम ने बताया कि वह 5 मई की सुबह करीब 8 बजे कोर्ट जा रहा था।

### सच्चाई के दिन कभी नहीं लदते : अशोक पुजारी

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि खाली मत बैठिए। अपने मन, तन को किसी ने कार्य में लगाकर रखिए। निठल्ला आदमी जल्दी बूढ़ा हो जाता है। जब आदमी थककर बैठ जाता है तो बीमारी उस पर बैठ जाती है फिर वह आदमी किसी काम का नहीं रहता। थककर बैठ जाने वाले इंसान की किस्मत भी बैठ जाती है। उन्होंने कहा कि बीते कल के याद कर पछताते न रहिए बल्कि सुबह जब सो कर उठो तो हिम्मत से उठिए और सोचिए आज ही सत्य है।

### सैर कर रहे व्यक्ति को वाहन ने मारी टक्कर

**कैथल।** गांव कसान में जखौली रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में कटारू पट्टी कसान निवासी अमन ने पुलिस को बताया कि 1 मई की रात करीब 11.30 बजे से 12 बजे के बीच गांव के ही अजय ने फोन कर सूचना दी कि उनके परिवार के एक सदस्य का कसान-जखौली रोड पर शराब ठेके और जोहड़ के पास एक्सीडेंट हो गया है।

## मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

# अग्निशमन कर्मियों ने 10 मई तक बढ़ाई अनिश्चितकालीन हड़ताल

**शहीदों के परिवार को एक सरकारी नौकरी व एक-एक करोड़ के मुआवजे की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला-चीका। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी 29वें दिन भी हड़ताल पर डटे रहे, मांगों के समर्थन में फायर स्टेशन परिसर में प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर चल रही हड़ताल बुधवार को 29वें दिन भी जारी रही। चीका और सीवन के फायर कर्मचारी अग्निशमन यूनियन ब्लॉक प्रधान अमर सिंह की अध्यक्षता में धरने पर डटे रहे। मंच का संचालन फायरमैन गुरदीप ने किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान अमर सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल को लगभग एक महीना पूरा होने वाला है, लेकिन हरियाणा सरकार अब तक उनकी जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हड़ताल को 10 मई तक बढ़ा दिया गया है, जबकि नगरपालिका कर्मचारी संघ ने भी अपनी हड़ताल 7 मई तक जारी रखने का निर्णय लिया है। अमर सिंह ने कहा कि जब तक अग्निशमन कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने फरीदाबाद की कालकाजी स्टील केमिकल फैक्ट्री में शहीद हुए दो फायर कर्मियों को शहीद का दर्जा देने, उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग में कार्यरत पेरोल और एचकेआरएनएल के कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर के पद पर समायोजित किया जाए तथा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि भविष्य में किसी भी फायर कर्मचारी के साथ दुर्घटना होने पर एक स्थायी नीति बनाई जाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों का पिछले छह वर्षों से वेतन नहीं बढ़ाया गया है और प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अलग-अलग वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने "समान काम, समान वेतन" लागू करने और सभी कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के साथ 5,000 रुपये जोखिम भत्ता देने की मांग की। इसके साथ ही कर्मचारियों को कार्य के दौरान पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाने और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 23 और 31 दिसंबर के निर्णयों को लागू करने की भी मांग की गई। कर्मचारियों ने सरकार से अपील की कि बातचीत के माध्यम से उनकी जायज मांगों का समाधान कर हड़ताल समाप्त करवाई जाए।

इस अवसर पर जगबीर मान, गुरदीप राम, विजय सिंह, पिरथी राम, धन्नाराम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



कैथल। धरने के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मांगों का समाधान करे सरकार: कुंडू

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर चल रही हड़ताल में हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन से राज्य महासचिव कपिल सिरोही, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, जिला प्रधान रघुबीर सिंह,सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष पवनपाल, नरेश कुंडू, राममेहर, बलकार सिंह प्रदेशव्यापी हड़ताल में शामिल होकर जायज़ मांगों का समर्थन किया। चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कपिल सिरोही, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार नगर पालिका व फायर के कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी कर रही है। यूनियन के साथ मीटिंग मे मांगों पर बनी सहमति के परिपत्र भी जारी नहीं किए गए जिसको लेकर कर्मचारियों मे लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। कर्मचारी अपनी जायज़ मांगों को लेकर लगातार हड़ताल पर है परन्तु प्रदेश सरकार का कोई सकारात्मक रवैया नहीं है। उन्होंने मुख्य मांगो में कहा कि फरीदाबाद में आगजनी में अपनी ड्यूटी के दौरान मानवता के लिए सर्वोच्च बलिदान देने दमकल कर्मी भवी चंद शर्मा व रणवीर सिंह को शहीद का दर्जा देते हुए एक करोड़ रुपए मुआवजा व आश्रितों को नौकरी दी जाए ताकि उनके परिवार जनों का गुजर बसर ठीक हो सके। नगरपालिका कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शहरों में सफाई व्यवस्था बदहाल हो गई है जिससे बीमारियां फैसले का भी खतरा है। ठेका प्रथा के तहत लगे सभी कर्मचारियों को विभाग के पे रोल पर लेते हुए माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 23 व 31 दिसंबर,2025 के फैसले अनुसार नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन बहाल करना व न्यूनतम वेतनमान 30 हजार रुपए करने, बढ़ते हुए महंगाई भत्ते के अनुसार आवास भत्ते में बढ़ोतरी करने, कर्मचारियों के मेडिकल प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान करना, 8 वें वेतन आयोग लागू करना शामिल है।

## न्यूज डायरी



### तबादले की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने के 30वें दिन कर्मचारियों ने लिया वर्क सस्पेंड का फैसला

**उचाना।** एसडीओ समेत तीन के तबादले रद्द की मांग को लेकर चल अनिश्चित कालीन धरने के 30वें दिन वर्क सस्पेंड का फैसला लिया। अध्यक्षता वीरेंद्र नैन, प्रवीण मंगलपुर ने की। संचालन जयवीर पूनिया ने किया। वक्ताओं ने कहा कि गुरूवार तक अगर तबादले रद्द नहीं होते है तो उचाना सब डिविजन में वर्क सस्पेंड किया जाएगा। निरंतर शांति पूर्वक तरीके से धरना दे रहे है। शासन, प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। पहले 4 मई को प्रदर्शन कर मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से बिजली मंत्री को मांग पत्र भेजा था। निरंतर अब सख्त फैसले धरना के माध्यम से ज्वाइंट एक्शन कमेटी के निर्देश पर लिए जाते रहेंगे। एसडीओ समेत तीन कर्मचारियों का जो तबादला हुआ है वो पूरी तरह से राजनीति दबाव में हुआ है।

### काब्रच्छा परचेज सेंटर पर गेहूं का उठान पूरा : सुरेंद्र



**उचाना।** उचाना में गेहूं की रफ्तार निरंतर तेज हो रही है। काब्रच्छा परचेज सेंटर पर गेहूं का उठान पूरा हो चुका है। सबसे पहले काब्रच्छा में उठान पूरा हुआ है। इस बार गेहूं के सीजन में उचाना प्रिंसिपल यार्ड ओजीएम, प्रिंसिपल यार्ड उचाना, छात्तर सब यार्ड, परचेज सेंटर घोघड़िया, काब्रच्छा, धनखड़ी में 1288372 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। 1277180 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। खाद्य आपूर्ति विभाग, हैफेड, एचडब्ल्यूसी द्वारा खरीद की गई। अब तक 62 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व में इस बार भी किसानों, आढ़तियों को किसी तरह की परेशानी गेहूं खरीद, उठान में नहीं आने दी गई है। काब्रच्छा परचेज सेंटर पर उठान पूरा हो चुका है। कई परचेज सेंटरों पर 90 प्रतिशत से अधिक का उठान हो चुका है। प्रिंसिपल यार्ड ओजीएम में एचडब्ल्यूसी का 56, हैफेड का 57, प्रिंसिपल यार्ड उचाना में एचडब्ल्यूसी का 52, हैफेड का 49 प्रतिशत उठान हो चुका है। छात्तर सब यार्ड में खाद्य आपूर्ति विभाग का 82, हैफेड का 97 प्रतिशत तक उठान हो चुका है। परचेज सेंटर घोघड़िया में खाद्य आपूर्ति विभाग का 76 प्रतिशत, धनखड़ी में खाद्य आपूर्ति विभाग का 81 प्रतिशत उठान हो चुका है।

### नई तकनीक अपनाकर किसान बन रहे आत्मनिर्भर: अजीत



**पूंडरी।** क्षेत्र के प्रगतिशील किसान अजीत बख्शी ने कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सोच के साथ खेती करके किसान अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। बदलते समय में कृषि क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है और किसानों को भी नई पद्धतियों को अपनाकर खेती को लाभकारी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज खेती केवल परंपरागत तरीके तक सीमित नहीं रही, बल्कि आधुनिक मशीनों, उन्नत बीजों और नई सिंचाई तकनीकों के माध्यम से किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग और फसलों में विविधता अपनाकर खेती को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार खेती करने और नई योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं से भी कृषि क्षेत्र में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि में रोजगार और स्वरोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि किसान मेहनत और जागरूकता के बल पर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं, बल्कि देश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। खेती को नई दिशा देने के लिए जागरूकता और तकनीकी जानकारी बेहद जरूरी है। क्षेत्र के किसानों ने भी अजीत बख्शी के विचारों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से किसानों को नई सोच और प्रेरणा मिल रही है।

### 7.86 ग्राम मादक पदार्थ सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**राजौंद।** पुलिस ने गांव सेरदा क्षेत्र में नाकाबंदी कर एक आरोपी को हेरोइन/चिट्टा सहित काबू किया है, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि गांव सेरदा निवासी साहिल उर्फ ढापु व अमन उर्फ ढुगरी मोटरसाइकिल पर सवार होकर हेरोइन/चिट्टा सप्लाई करने के लिए गांव कुक्कंडा की ओर जाने वाले हैं और उन्होंने नशीला पदार्थ मोटरसाइकिल के टूल बॉक्स में छिपा रखा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कुक्कंडा रोड पर रजबाहा के पास नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर उन्होंने वापस मुड़ने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान पीछे बैठा युवक खेतों के रास्ते फरार हो गया, जबकि मोटरसाइकिल चला रहे युवक को पुलिस ने मौके पर ही काबू कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान गांव सेरधा निवासी साहिल के रूप में हुई, जबकि फरार आरोपी की पहचान सेरधा निवासी अमन के रूप में हुई है।

# किसानों के हकों के लिए संगठन पूरे उत्तर भारत में कर रहा कार्य : कंडेला

- जुलाई माह में कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में होगा प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। टेकराम कंडेला अपने साथियों के साथ।

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि सामाजिक मुद्दों को लेकर जैसे किसानों को लाभकारी भाव दिलवाना, प्राकृतिक खेती व मोटी खेती की और आकर्षित करना, लव इन रिलेशनशिप को खत्म करना, एक गांव में एक गोत्र पर शादी पर रोक लगाना, पर्यावरण को बचाना, हरियाणा में नशे को खत्म करना, दहेज प्रथा को खत्म करना ऐसे सभी मुद्दों को लेकर हमारा संगठन पूरे हरियाणा में ही नही बल्कि पूरे उत्तर भारत में मजबूती से कार्य कर रहा है और आगे भी इसी प्रकार करेगा। टेकराम कंडेला ने कहा कि जुलाई के महीने में कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में दो दिन का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। उसमें इन मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। जिसकी तारीख की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। इस प्रशिक्षण सेवा को कामयाब बनाने के लिए और इसकी देखरेख के लिए रामेहर कंडेला प्रदेश फाउंडेशन भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में एक पांच सदस्य कमेटी का गठन किया गया है। इसको प्रशिक्षण शिविर का कार्य सौंपा गया है।

### बाल विवाह और दहेज की मांग पर आमजन तुरंत दें पुलिस विभाग को सूचना: एसडीएम



एसडीएम रमित यादव।

**उचाना।** बाल विवाह रोकने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे है। बाल विवाह किए जाने की सूचना मिलती है तो उस पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम रमित यादव ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग अन्य विभागों के साथ पूर्ण तालमेल से कार्य कर बाल विवाह पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करेगा। इस कार्य के लिए बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 112 व 100 चाईल्ड हैल्प लाईन नम्बर, 1098, महिला हैल्प लाईन के नंबर 1091 बारे आम जन को जागरूक किया जा रहा है ताकि आवश्यकता होने पर नागरिक इनका उपयोग कर सके। कोई दहेज की मांग करता है तो उसको लेकर भी एसडीएम कार्यालय के लैंड लाइन फोन नंबर 01684-230024 पर सूचना दे सकता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले नही होनी चाहिए। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रूपये तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। नागरिकों से अपील है की झूठी शिकायत न करें। अगर कोई झूठी शिकायत करता है तो ऐसी व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस इत्यादि के मालिकों से भी अपील की जाती है कि वे उनके यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बन्ध मे दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्र की जांच कर लें और आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रख लें ताकि उनके यहां बाल विवाह का आयोजन न हो सके।

### सीखने की ललक और आगे बढ़ने का मकसद ही क्लास रेडिनेस प्रोग्राम : राजेश वशिष्ठ



जींद। खेल-खेल में सीखते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

**जींद।** एफएलएन कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा क्लास रेडिनेस प्रोग्राम बच्चों में सीखने की ललक और आगे बढने की भावना को प्रोत्साहित कर रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वयं करके सीखने की भावना का विकास करना है। जब बच्चे खेल-खेल में सीखते हैं, तो उनकी जिज्ञासा और समझने की क्षमता स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि क्लास रेडिनेस प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों को पारंपरिक शिक्षण पद्धति से हट कर गतिविधि आधारित शिक्षा दी जा रही है। इसमें बच्चे खुद प्रयोग करते हैं, सवाल पूछते हैं और अपने अनुभवों से सीखते हैं। इस प्रक्रिया में शिक्षक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि जब शिक्षक और बच्चे दोनों में कुछ अलग करने का जुनून होता है, तभी सीखने और सिखाने की भावना सशक्त रूप से विकसित होती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को रंगों, आकारों, संख्याओं और अक्षरों की पहचान खेलों, गीतों और कहानियों के माध्यम से कराई जा रही है।

### भगवान विश्वकर्मा महापुराण कथा के पहले दिन निकाली कलश यात्रा



कलायत। भगवान विश्वकर्मा वाटिका में कलश यात्रा के साथ पहुंची महिलाएं व अन्य श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**कलायत।** कलायत में भगवान विश्वकर्मा महापुराण कथा का सप्ताहभर चलने वाला भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया। वार्ड 5 स्थित पुरानी विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजन का यह क्रम चलेगा। इस उपलक्ष्य में प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। उपरांत बाद महिलाओं ने पारंपरिक कलश यात्रा निकालकर पूरे कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंगों से भर दिया। कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर सजे कलश धारण कर भजन-कीर्तन के साथ नगर परिक्रमा की। इस दौरान छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों और युवाओं तक सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढकर भाग लिया। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर कोई भक्ति भाव में झूमता नजर आया। मुख्य अतिथि के रूप में सेनेटरी मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन प्रांतीय प्रधान तिलक राज धीमान उपस्थित रहे।

# हार के बाद ईवीएम को दोष देना विपक्ष की पुरानी आदत : देवेंद्र अत्री

- पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा की जीत मोदी की लोकप्रियता का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। कार्यकर्ताओं के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो :हरिभूमि

विपक्ष द्वारा बंगाल जीत पर लगाए जा रहे सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग सहित अन्य आरोपों पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ये जो जीत पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में मिली जीत पीएम नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का प्रमाण है। जब भी विपक्ष हारता है तो ईवीएम को दोष देता है या फिर चुनाव आयोग को दोषी ठहराता है। चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाता है। विपक्ष की हार इसलिए होती है क्योंकि अब मतदाता जान चुका है कि देश के हित भाजपा सरकार में सुरक्षित है। पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है। मतदाता विपक्ष के बहाकवे में नहीं आ रहे है। विपक्ष चुनाव में हर तरह के हथकंडे अपना कर मतदाताओं को बहकाने का काम करता है ।



### कलायत में इनेलो ने चलाया जन संपर्क अभियान : राणा

**कलायत।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) द्वारा कलायत विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विशेष जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। पार्टी के सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार यह अभियान फिलहाल हरियाणा के 60 विधानसभा क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इसमें कलायत भी प्रमुख रूप से शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा द्वारा तय कार्ययोजना अनुसार अभियान का नेतृत्व किसान सेल के जिला अध्यक्ष सलिंद्र प्रताप राणा और युवा नेता अमित खरक पूनिया कर रहे हैं। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोडना और संगठन को पहले से अधिक मजबूत बनाना है। जनसंपर्क अभियान के तहत उन कार्यकर्ताओं को फिर से पार्टी से जोड़ा जा रहा है, जो किसी कारणवश पहले रुष्ट होकर दूर हो गए थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में नए कार्यकर्ता भी इनेलो के कारवां से जुड़ रहे हैं जिससे पार्टी को क्षेत्र में नई ऊर्जा मिल रही है।

### नशे के दुष्प्रभावों पर युवाओं को किया जागरूक

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नशा मुक्ति के विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एस पी मनप्रीत के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ जिसमें एस आई करमबीर सिंह व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलीस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के कारण होने वाले शारीरिक मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय बनाता है बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। एस आई करमबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## वन विभाग ने ग्राम पंचायत जामनी को किया चिह्नित

# ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थापित होंगे पवित्र उपवन : विष्णु कुमार

**धार्मिक महत्व वाले वृक्षों को मिलेगा संरक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। सर्वे करते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

ग्राम पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण जैव विविधता के संरक्षण व सांस्कृतिक धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए पवित्र उपवन स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए वन मंडल अधिकारी पवन कुमार ग्रोवर के निर्देशानुसार व हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की टीम व वन विभाग संबंधित रेंज की टीमों द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत जामनी सरपंच दलबीर सिंहरोहा से बातचीत की। जैव विविधता की टीम जिला कॉर्डिनेटर विष्णु कुमार बागड़ी ने बताया कि गांवों की पंचायती भूमि पर लगे वृक्ष जिनका धार्मिक, सांस्कृतिक या ऐतिहासिक महत्व है और जिनकी त्योहारों व विशेष अवसरों पर पूजा की जाती है उनको संरक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में पवित्र उपवन योजना शुरू की है। इन पूजनीय वृक्षों की देखरेख और सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। इस मौके पर रेंज ऑफिसर राहुल कुमार, वन दरोगा राजपाल, सुमित कुमार, अनिता, मनीष, सुनील, राजेश, कविता, बलराज, देशराज आदि मौजूद रहे।

### जड़ों की मजबूती के लिए मिट्टी भराई का कार्य शुरू करेगा वन विभाग

विभाग ने इस दिशा में गांव-गांव जाकर पेड़ों को चिह्नित करने की और भौतिक सत्यापन की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके बाद विभाग इन वृक्षों के अस्टीमेट बनाकर चबूतरे बनवाने व जड़ों का मजबूत करने के लिए मिट्टी भराई का काम शुरू कराएगा। पवित्र उपवन योजना पौधरोपण सीमित नही है बल्कि यह जनमानस को पर्यावरण से जोडने की एक मुहिम है। ग्रामीण क्षेत्र में पीपल और बरगद को देवतुल्य माना जाता है। जब सरकार इन पेड़ों की सुरक्षा का जिम्मा उठाएगी तो इससे हरियाली बढ़ेगी। जिले में इस योजना को लागू करते हुए इस चरण में वन विभाग ने ग्राम पंचायत जामनी को चिह्नित किया है। इस ग्राम पंचायत में भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वन विभाग प्रत्येक स्थान के लिए बजट अस्टीमेट तैयार करेगा। इस बजट का उपयोग पेड़ों के चारों ओर घेराबंदी, चबूतरों का निर्माण और उनके संरक्षण के लिए आवश्यक तकनीकी कार्यों पर किया जाएगा।